Q1.निम्न में से किस अधिनियम ने केंद्र में द्वैध शासन प्रणाली को स्थापित किया

A.भारत शासन अधिनियम 1935

B.भारत शासन अधिनियम 1991

C.भारत परिषद अधिनियम 1909

D.भारत परिषद अधिनियम 1989

Ans: A

Q2.संघीय प्रणाली का पहला प्रयास भारत सरकार अधिनियम .......... द्वारा किया गया था –

A.1909
B.1919
C.1935
D.इनमें से कोई नहीं

Ans: C

Q3.किस अधिनियम की प्रमुख विशेषता प्रांतीय स्वायत्तता थी ?

A.1935
B.1919
C.1904
D.1858
Ans: A

Q4.भारत में सचिव का पद किसके द्वारा निर्मित किया गया था ?

A.मार्ले–मिन्टो सुधार, 1909

B.भारत सरकार अधिनियम, 1858

C.भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

D.मांटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार

Ans: B

Q5.रेगुलेटिंग एक्ट पारित किया गया –

A.1773 ई. में

B.1771 ई. में

C.1785 ई. में

D.1793 ई. में

Ans: A

Q6.भारत के गवर्नर जनरल को किस एक्ट के द्वारा अपनी समिति के निर्णयों को अस्वीकार करने का अधिकार मिला ?

Get Education Update Visit Our Website:- www.HelpStudentPoint.Com

Join Our Telegram Channel:- https://t.me/helpstudentpoint

A.1773 का रेगुलेटिंग एक्ट

B.1784 का पिट इंडिया एक्ट

C.1786 का एमेंडमेंट एक्ट

D.1813 का चार्टर एक्ट

Ans: C

Q7.महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया –

A.1885 ई.

B.1875 ई.

C.1866 ई.

D.1858 ई.

Ans: D

Q8.साम्राज्ञी विक्टोरिया ने 1858 की घोषणा में भारतीयों को बहुत – सी चीजें दिए जाने का आश्वासन दिया था | निम्न आश्वासनों में से कौन – सा ब्रिटिश शासन ने पूरा किया था ?

A.रियासतों को हड़पने की नीति समाप्त कर दी जाएगी

B.देशी रजवाड़ों की यथा स्थिति बनाए रखी जाएगी

C.भारतीय व यूरोपियन सभी प्रजा को समान व्यवहार मिलेगा

D.भारतीयों के सामाजिक व धार्मिक विश्वासों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा

Ans: B

Q9.मिन्टो–मार्ले सुधार का उद्देश्य क्या था ?

A.पृथक निर्वाचन प्रणाली

B.भारतीय की भागीदारी बढ़ाना

C.युद्ध में सहयोग हेतु तैयार करना

D.पूर्ण स्वतंत्रता देना

Ans: A

Q10.मार्ले–मिन्टो सुधार बिल किस वर्ष में पारित किया गया ?

A.1905 में

B.1909 में

C.1911 में

D.1920 में

Ans: B

Q11.मुसलमानों के लिए अतिरिक्त निर्वाचक मंडल प्रारंभ में किसके द्वारा लाया गया था ?

A.क्रिप्स मिशन, 1942

B.मार्ले-मिन्टो सुधार, 1909

C.मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919

D.भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans: B

Q12.1909 के इंडियन कौंसिल एक्ट में किस बात की व्यवस्था की गई थी ?

A.द्वैध शासन प्रणाली

B.साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व

C.संघीय व्यवस्था

D.प्रांतीय व्यवस्था

Ans: B

Q13.मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार में प्रावधानों का सार था –

A.राज्यों की स्वायत्तता

B.प्रान्तों में दोहरा शासन

C.हिन्दू मुस्लिम हेतु अलग-अलग निर्वाचन व्यवस्था

D.राज्यपालों को वीटो शक्ति

Ans: B

Q14.1946 का कैबिनेट मिशन तीन मंत्रियों में गठित था | निम्नलिखित में से कौन इसका सदस्य नहीं था ?

A.लॉर्ड पैथिक लारेंस

B.ए. वी. अलेक्जेंडर

C.सर स्टैफर्ड क्रिप्स

D.लॉर्ड एमरी

Ans: D

Q15.कैबिनेट मिशन योजना के विषय में कौन – सा सही नहीं है ?

A.प्रांतीय समूहीकरण (Provincial Grouping)

B.भारतीय सदस्यों वाला अंतरिम मंत्रिमंडल

C.पाकिस्तान की स्वीकृति

D.संविधान निर्माण का अधिकार

Ans: C

Q16.भारत का संविधान लागू होने तक स्वतंत्रता के पश्चात इसका शासन किसके अंतर्गत चलाया गया ?

A.भारतीय नेताओं के परामर्श से बने कानून द्वारा

B.इंग्लैण्ड के संविधान के अनुसार

C.1935 के भारत सरकार अधिनियम के अनुसार

D.उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans: C

Q17.भारतीय को वर्ष 1947 में सार्वभौम सत्ता सौंपने की योजना निम्न में से किस नाम से जानी गयी ?

A.डूरंड योजना

B.मिन्टो–मार्ले योजना

C.माउंटबेटन योजना

D.वेवेल योजना

Ans: C

Q18.कौन सुमेल नहीं है ?

A.मार्ले–मिन्टो सुधार – साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व

B.भारत सरकार अधिनियम 1935 - स्वशासन

C.कैबिनेट मिशन – संविधान सभा का गठन

D.साइमन कमीशन – भारत विभाजन

Ans: D

Q19.सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए : सूची–I A.भारत सरकार अधिनियम 1919 B. भारत सरकार अधिनियम 1935 C.मिन्टो मार्ले सुधार 1909 D.भारत परिषद अधिनियम, 1861 E. अधिनियम, 1858 सूची–II 1.प्रांतीय स्वायत्ता 2. सती प्रथा का अंत 3. प्रान्तों में द्वैध शासन 4. सांप्रदायिक निर्वाचन 5. ब्रिटिश शासन शक्ति में आया

A.A → 2, B → 3, C → 1, D → 4, E → 5
B.A → 3, B → 1, C → 4, D → 2, E → 5
C.A → 1, B → 4, C → 3, D → 2, E → 5
D.A → 1, B → 3, C → 4, D → 2, E → 5
Ans: B

Q20.अखिल भारतीय महासंघ स्थापित करने का प्रावधान शामिल किया गया था –

A.भारत सरकार अधिनियम, 1935 में

B.अगस्त प्रस्ताव, 1940 में

C.भारत सरकार अधिनियम, 1919 में

D.कैबिनेट मिशन प्रस्ताव, 1946 में

Ans: A